# नपानि के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर उत्सव बैरागी दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर उत्सव बैरागी पर देहात पुलिस ने बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है तथा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि यह कार्यवाही युवती की शिकायत पर बयान के बाद पुलिस द्वारा बलात्कार की धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी देते हुए देहात थाना प्रभारी जी.एस. राजपूत ने बताया कि यूटू फ्टिनेस के जिम ट्रेनर उत्सव बैरागी की द्वारा उसके ही जिम में आने वाली युवती से मुलाकात हुई। जहां दोनों के बीच जान पहचान होने के बाद नजदीकियां बढ़ीं। वहीँ उत्सव ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम करता रहा। जबकि ये सिलसिला लगातार 4 सालों तक चलता रहा। वहीँ जब युवती ने उत्सव से शादी की बात की तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। ऐसे में सोमवार देर शाम युवती ने देहात थाने पहुँचकर अपनी आप बीती बताई। जहां पुलिस ने उत्सव बैरागी के खिलाफ 69 बी.एन.एस. धारा 351 (3),2(5) एस.सी./ एस.टी. एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है साथ ही आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है।

इस संबंध में नगर निगम कमिश्नर सी.पी. राय से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि स्वच्छता एम्बेसेडर की कोई नियुक्ति नहीं होती है मनोनयन होता है और जब कोई उसके कृत्य से संबंधित सूचना आधिकारिक तौर पर प्राप्त होगी तो उसे स्वत: ही ब्रांड एम्बेसेडर से हटा दिया जायेगा। इस तरह स्वच्छ ब्रांड एम्बेसेडर उत्सव बैरागी की सिफारिश करने वालों पर भी लोग तरह-तरह की चर्चाऐं करने लगे है।

# दो बच्चों ने की थी प्रेस काम्पलेक्स के दिव्य एक्सप्रेस के आफिस में चोरी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अपने साथी के साथ चोरी करने वाले एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी सिटी कोतवाली उमेश गोल्हानी ने प्रेस काम्पलेक्स में स्थित दिव्य एक्सप्रेस के कार्यालय में हुई चोरी का खुलासा करते हुए बताया है कि दिनांक- 31 जनवरी 2025 को प्रार्थी भूपेन्द्र विश्वकर्मा पिता स्व0 दीनदयाल विश्वकर्मा उम्र 36 साल निवासी सब्जी मंडी गौरैया ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि गर्ल्स कालेज के सामने प्रेस काम्पलेक्स दिव्य एक्सप्रेस के ऑफ्सि ने किसी अज्ञात चोर द्वारा रात्रि मे आफ्सि का ताला तोड़कर ड्राज मे रखे 35,000/- रूपये चोरी कर ले गया है जो प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अप0 क्र0- 63/25 धारा- 303 (ए) 331 (2) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

प्रकरण में दिव्य एक्सप्रेस के आफ्सि में हुई चोरी के संबंध में लगातार तलाश पतासाजी कर एवं सी.सी.टी.वी. फुटेज के आधार पर पहचान कर कल 18 फरवरी 2025 को एक नावालिग बालक को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर अपने साथी नाचो के साथ मिलकर चोरी की घटना कारित करना स्वीकार किया। बाल अपचारी को अभिरक्षा मे लेकर न्यायालय पेश किया गया है।


**महत्वपूर्ण भूमिका**

निरीक्षक उमेश कुमार गोल्हानी, उ.नि. विनोद दाहिया, स.उ.नि. ब्रिजेश रघुवंशी, आर. 219 विकास बैस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिन्हें पुलिस अधीक्षक छिंदवाडा द्वारा पुरूस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

**यातायात पुलिस उठा रही है दुपहिया वाहन**

इन दिनों यातायात पुलिस शक्ति के साथ दो पहिया वाहन अस्पताल और कोतवाली थाने के पास से उठाकर थाने ले जा रही है लेकिन अन्य क्षेत्रों के वाहन क्यों नहीं उठाऐं जा रहे है यह समझ से परे है। परासिया रोड में सत्कार तिराहा से लेकर डॉ. अनुराग माथुर के क्लीनिक तक मनमाने ढंग से दो पहिया वाहन खड़े रहते है लेकिन उसे यातायात पुलिस उठाने की हिमाकत नहीं करती, ध्यान अपेक्षित है।

## सार समाचार



### सुनील असराठी बम बम भोले की धुन में चले महादेव

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रति वर्ष अनुसार इस बर्ष भी खिरका मोहल्ला स्थित बडे हनुमान मदिर के पास गगेशवर महादेव मदिर से भगवान भोले बाबा जी का त्रिशूल महादेव के लिए रवाना हुआ जिसमें सर्व प्रथम महादेव भोले बाबा जी की महाआरती की गई फ्रि प्रसाद वितरण किया गया, भगवान भोले बाबा जी के त्रिशूल के साथ में सभी भक्तगण झूम उठे। भगवान भोले बाबा जी का त्रिशूल शहर में भ्रमण कराया गया बड़े हनुमान मदिर, छोटी बाजार, मेन रोड, गोल गंज, बस स्टैंड होते हुए भक्तों की टोली बड़ा महादेव भगत के लिए रवाना हुए शिव भक्तों के द्वारा अतिशबाजी, ढोल बाजे के साथ में भक्तों के द्वारा 31 किलो का पीतल का त्रिशूल भोले बाबा जी के चरणों में लेकर भक्त जन महादेव के लिए रवाना हुए जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ शामिल हुई शिव भक्तों ने त्रिशूल के साथ भगवान भोले बाबा के जय कारे लगाते हुए भूरा भक्त के लिए रवाना हुए। यह त्रिशूल चौरागढ महादेव जी के पास से आने के बाद यह त्रिशूल अर्पण किया जायेगा। गगेशवर महादेव के सेवादार सुनील असराठी ने बताया है कि प्रति वर्ष अनुसार इस बर्ष भी पीतल का त्रिशूल महादेव मदिर में अर्पण किया जायेगा जिसमें भक्तों के द्वारा हर हर महादेव ओम नम: शिवाय, नम: शिवाय, हर भोला हर हर महादेव के जय कारे के साथ में भक्तों की डोली महादेव मदिर चौरागढ महादेव के लिए रवाना हुए है जिसमें भक्तगण पिछले साल 51 किलो का स्टील का त्रिशूल महादेव लेकर गये भक्तों के द्वारा सुनील असराठी, नित्या असराठी, रिया असराठी, ज्योति असराठी, साक्षी असराठी, लक्ष्मी जघेला, शंकर जघेला, विजय जघेला, शीला जघेला, रामराती असराठी, लक्ष्मण असराठी, अनिल असराठी, सध्या जंघेला, मिलन दाढ़े आदी भक्तों की टोली महादेव मदिर चौड़ागढ के लिए रवाना हुए।

### धूमधाम से मनाया मां राज राजेश्वरी का 17वां प्रकटोत्सव

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज मां भगवती राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी के प्रकटोत्सव के 17 वर्ष पूर्ण हो चुके है। प्रतिवर्ष 18 फ्रवरी को प्रकटोत्सव बड़ी धूम धाम के साथ मनाया जाता है। प्रतिवर्ष इसी दिन मंदिर में सुबह से ही पूजन अर्चन, अभिषेक आदि के द्वारा ही इस दिवस का शुभारंभ होता है। मंदिर के पूजारी आचार्य राजेश द्विवेदी, अध्यक्ष- एच.पी. मोहिलकर, एस.के. सूर्यवंशी, जी.पी. डेहरिया, जी.पी. सूर्यवंशी, बी.पी. यादव, शिवरंजन भारतद्वाज, शेरसिंग मोखलगाय, नंदू देशरिया, शुभम् देशरिया, हरीश बेलबंशी, नंदू बेलवंशीए, राजा ठाकुर, छोटू मौखलगाय, आदि सभी के सहयोग से माँ भवानी का जन्म उत्सव दिनभर हवन, पूजन, पाठन महाआरती, व भण्डारा प्रसाद के साथ बड़ी धूम धाम से मनाया जाता है।



# कमलनाथ व नकुलनाथ ने दीं शिवाजी जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने नगर व जिलेवासियों को शिवाजी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले शिवाजी महाराज की वीर गाथाएं इतिहास के पन्नों पर दर्ज है, जिससे सम्पूर्ण देश अवगत है।

कमलनाथ ने नगर व जिलेवासियों को महान वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि शिवाजी महाराज भारत के ऐसे वीर सपूत है जिसकी शौर्य गाथा इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। उनकी वीरता की मिसाल हर जगह दी जाती है। कमलनाथ ने अपने शुभकामना संदेश के अंत में पुन: जिले व नगरवासियों को शिवाजी महाराज की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

नकुलनाथ ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि शिवाजी महाराज की जयंती से हमें शौर्य व अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने की प्रेरणा मिलती है। शिवाजी महाराज ने अखण्ड भारत व स्वराज का सपना देखा था और मराठा साम्राज्य खड़ा किया। शिवाजी महाराज को बहादुर, बुद्धिमान, शौर्य से परिपूर्ण व महान राजा के रूप में पूजा जाता है। उनके शासन में जनता को न्याय मिला यही वजह है कि आज भी उन्हें जनता का राजा कहा जाता है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कांग्रेस परिवार की ओर से जिलेवासियों को हिन्दू हृदय सम्राट शिवाजी महाराज की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह किया कि वीर योद्धा शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाएं साथ ही उनके बताए हुए मार्ग पर चलें।

# चांदामेटा में नगर परिषद के ठेकेदार के साथ मारपीट



**परासिया, देशबन्धु।** चांदामेटा में आज वार्ड क्रमांक 15 में नाला निर्माण करने वाले ठेकेदार सोहेल खान के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने को लेकर नगर परिषद के अध्यक्ष गोविंद बजोलिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व में पार्षदों ने पुलिस थाना जाकर आरोपी प्रदीप विश्वकर्मा के खिलाफ कार्यवाही को लेकर ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में कहा गया है कि जब दोपहर 12 बजे ठेकेदार नाले का काम करवा रहा था तभी प्रदीप विश्वकर्मा ने आकर यह कहा कि इसी जगह से आगामी 26 जनवरी को शिवजी की बारात निकलेगी। इसलिए काम को बंद किया जाए। जिस पर ठेकेदार सोहेल खान ने नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से इस बारे में बात करने को कहा। लेकिन प्रदीप विश्वकर्मा ने काम को जबरदस्ती रुकवाकर कर गाली-गलौज कर मारपीट की, जिसकी ठेकेदार ने लिखित शिकायत मुख्य नगर पालिका अधिकारी को की। पता चला है कि पुलिस ने अभी मामले को जांच में रखा है। बताया जाता है कि यदि कोई गरीब व्यक्ति होता तो एफ.आई.आर. हो जाती लेकिन बचाने और फंसाने के चक्कर में मामला दबा हुआ है देखना है कि पुलिस कितनी निष्पक्षता से कार्यवाही करती है।

# चोर गिरोह के चार नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मोटर सायकल चोरी के गिरोह को देहात पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मोटर सायकल एवं गैस सिलेण्डर भी जप्त किया है।

देहात पुलिस ने बताया कि दिनांक 19 जनवरी 2025 को प्रार्थी जितेन्द्र पिता स्व. राजेन्द्र मिश्रा निवासी गुलाबरा ने मो.सा. क्र. MP28SA7027 कीमती 15000/- रु. चोरी होने की दिनांक 15 फरवरी 25 को प्रार्थी राहुल पिता दशरथ विश्वकर्मा निवासी खैरी भोपाल ने मो.सा. कीमती 20000/- की चोरी होने की दिनांक 17 फरवरी 25 को प्रार्थी मजहर पिता मकसूद पाशा निवासी ताजनगर ने बोर में लगी मोटर एवं लीड कीमती 23000/- की चोरी होने एवं प्रार्थी पवन पिता चंपालाल बंदेवार निवासी मारई ने राशन एवं गैस सिलेन्डर कीमती 5000/- की अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराए जो थाना देहात में क्रमश: अप.क्र. 29/25 धारा 303 (2) बी.एन.एस., अप.क्र. 93/25 धारा 303 (2) बी.एन.एस., अप.क्र. 96/25 धारा 303 (2), 313, 238 बी.एन.एस., अप.क्र. 97/25 धारा 331 (2), 303 (2) 313 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



जिले में बढ़ रही चोरी की वारदातों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात द्वारा टीम गठित की गई। टीम द्वारा लगातार रात्री गस्त में संदिग्धों पर नजर रखते हुए सघनता से गस्त करते हुए चार विधि विरुद्ध बालकों को रंगे हाथ पकड़ा गया।

उन्हें थाना लाकर हिकमत अमली से पूछताछ की गई जिन्होने दिनांक 18 नवम्बर 2024 को रीत मैरिज लॉन मोहरली के पास से बोर में लगी मोटर एवं मोटर लीड चोरी करना, दिनांक 19 दिसम्बर 2024 की रात्रि पारसनाथ टाउन कालोनी गुरैया ढाना से एक मो.सा. चोरी करना बताए, दिनांक 31 दिसम्बर 2024 को शासकीय हाईस्कूल मारई के कीचन शेड से राशन एवं गैस सिलेन्डर चोरी करना बताए दिनांक 14 फरवरी 2025 के रात 09 बजे मोहरली से एक मो.सा. चोरी करना बताए, जो विधि विरुद्ध बालकों द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर चारों विधि उलंघनकर्ता बालकों का अभिरक्षा मेमो तैयार कर किशोर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

इस कार्यवाही में निरीक्षक जी.एस. राजपूत थाना प्रभारी देहात, उ.नि. नरेन्द्र उपाध्याय, प्र.आर. 247 नदीम, प्र. आर. 166 हेमन्त, आर. 870 पन्नालाल, आर. 179 सौरभ, आर.- 667 तरुण परतेती थाना देहात की विशेष भूमिका रही।

# गुलाबरा चोरी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कोतवाली पुलिस ने गुलाबरा चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि 16 दिसम्बर 2024 को प्रार्थी राजेन्द्र पिता स्व. मन्ना सिंह राजपूत उम्र 68 वर्ष निवासी गली नंण् 07 जैन मंदिर के पास गुलाबरा थाना कोतवाली जिला छिन्दवाडा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह एक दिन पहले परिवार सहित पैतृक गांव चांदामेटा गया था। 16 दिसम्बर 2024 को सूचना मिलने पर घर आकर देखा तो घर मे लगा ताला टूटा हुआ था एवं घर के नीचे दुकान का भी ताला टूटा था आलमारी मे रखे लाखो रुपये के सोने के जेवर और नगदी रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गये है।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक- 832/24 धारा- 305-ए, 331(4) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में गुलाबरा क्षेत्र मे हुई चोरी की घटना के संबंध में सफ्लता प्राप्त करते हुए पूर्व में दो आरोपी अमित उर्फ अंतू सोनी एवं असलम खान को बांधा उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर चोरी का मशरूका बरामद किया जाकर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किये गये थे। एक आरोपी फ्रार चल रहा था।

18 फरवरी 2025 को प्रकरण के फ्रार आरोपी शेख फ्रीद पिता शेख सईद उम्र 45 साल निवासी गिदवारी बार्ड टिकारी बैतूल जिला बैतूल को पुलिस टीम द्वारा बैतूल से गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से एक सोने की झुमकी कनोटी सहित जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा गया इस कार्यवाही में टी.आई. उमेश गोल्हानी सहित उनकी टीम के लोग शामिल है जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

# बाबा कुरैशी फोटोग्राफर की स्मृति में हुआ हॉकी मैच



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** यूनाइटेड क्लब के द्वारा आज हॉकी टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ इस शुभारंभ में मुख्य अतिथि रहे मीनू सिंघई एवं वार्ड नंबर 31 के पार्षद टिंकू राय पहला मैच टिक मोहल्ला 11 जी एवं यूनाइटेड क्लब के बीच खेला गया अतिथियों ने सभी खिलाहड़यों से परिचय लिया। छिंदवाड़ा के वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफ्र ज्याफ्त कुरेशी उर्फ बाबा भाई, समाजसेवी असरफ अली, अखिल मास्टर, शमीम अली, कदीर कुरैशी, की स्मृति में यूनाइटेड क्लब के द्वारा आज हॉकी टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ हुआ।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर आज मराठा समाज करेगा प्रतिमा का अभिषेक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला क्षत्रिय मराठा समाज अपने आराध्य शूरवीर छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती आज भव्यता के साथ मनाएगा। इसके लिए सभी सामाजिक बंधुओं से शिवाजी चौक पर सुबह 8.30 बजे एकत्र होने कहा है है। जिला क्षत्रिय मराठा समाज के जिला अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने बताया कि 19 फ्रवरी को शिवाजी जयंती पर सुबह 8.30 बजे छत्रपति शिवाजी चौक स्थिति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अभिषेक, पूजन एवं माल्यार्पण किया जाएगा। यहां समाज के वरिष्ठ वक्ता शिवाजी महाराज के जीवन और शौर्य पर अपने वक्तव्य रखेंगे।

जिला अध्यक्ष श्री काटकर ने बताया कि बुधवार की ही शाम को 6 बजे से चंदनगांव स्थित पवार मंगल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। बच्चों की नृत्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता होगी। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं उपस्थित सामाजिक बंधुओं के लिए उपहार कूपन योजना भी रखी गई है। जिसका लकी ड्रा निकाला जाएगा।

# छिन्दवाड़ा वन वृत्त के अंतर्गत दो दिवसीय गिद्ध गणना में 186 वयस्क और 12 अवयस्क गिद्ध मिले





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) भोपाल के निर्देश पर छिन्दवाड़ा वनवृत्त अंतर्गत नोडल अधिकारी पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल के नेतृत्व में प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना 2025 कार्य तीन दिवस में 17 से 19 फरवरी 2025 में पूर्ण की जाना है। प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना के प्रथम चरण में छिन्दवाड़ा जिले के अंतर्गत वनक्षेत्रों में 17 फरवरी 2025 को तीनों वनमण्डलों में गणना में पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल के परिक्षेत्र तामिया एवं पूर्व वनमंडल के परिक्षेत्र छिन्दी, अमरवाड़ा, पूर्व हर्रई, पश्चिम हर्रई एवं पश्चिम बटकाखापा में विभिन्न प्रजाति के 85 वयस्क तथा 7 अवस्क गिद्ध कुल 92 गिद्ध पाए गए। इसी प्रकार गणना के दूसरे दिवस दिनांक 18 फरवरी 2025 को वनवृत छिन्दवाड़ा के तीनों वनमंडलों में 89 वयस्क तथा 5 अवस्यक गिद्ध कुल 94 गिद्ध पाए गए। इस तरह वनवृत्त छिन्दवाड़ा के अंतर्गत दो दिवसीय गणना में 186 वयस्क और 12 अवयस्क गिद्ध पाऐं गए। शेष आज 19 फरवरी बुधवार को भी तीसरे दिन गिद्धो की गणना की जाएगी जिसके लिए नोडल अधिकारी ने संबंधितों को निर्देश जारी किए है।

## कन्हरगांव में संस्था प्रमुखों की समीक्षा बैठक आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जन शिक्षा केन्द्र कन्हरगाँव के अंतर्गत केन्द्र की प्राथमिक माध्यमिक शालाओं के संस्था प्रमुखो की समीक्षा बैठक का आयोजन जन शिक्षा केन्द्र कार्यालय कन्हरगाँव में जनपद शिक्षा केन्द्र परासिया की बी.ए.सी. सोनिया सराठी, जन शिक्षक वीरेन्द्र शर्मा, एजाज खान की उपस्थिति में किया गया। बैठक में प्रत्येक शाला की प्रगति की समीक्षा बिंदुबार की गई। जिनमें मध्यान्ह भोजन वितरण में समीक्षा, बोर्ड परीक्षा 2025 की तैयारी, एफ.एल.एन. कक्षाओं की समीक्षा, कक्षा 5 एवं 8 की रजिस्ट्रेशन प्रवेश पत्र के संबंध में समीक्षा, माध्यमिक शालाओं में व्यावसायिक कौशल विकास गतिविधि की समीक्षाएबीपीएमयू बैठक की जानकारी दी।

एमडीएम कार्यक्रम अंतर्गत रसोईया दर्ज बच्चों की संबंध में समीक्षा, अपार आई डी आत्मरक्षा प्रशिक्षण, शौचालय, किचन शेड, शाला भवन की रंगाई आदि चयनित शाला परसोली, हरनाखेड़ी, तिघरा में एण्डलाईन टेस्ट की तैयारी, गणवेश वितरण में फेल्ड अकाऊंट की जानकारी, माँ की बगिया की तैयारीएकक्षा पाँचवी आठवी पढ़ाने वाले शिक्षकों की यूनिक आई.डी., मोबाईल नम्बर, पढ़ाने वाले विषय की आफ लाईन जानकारी पर विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गयें।

सार समाचार

## कांग्रेस ने घोषित की चांद ब्लाक व शहर कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार चांद ब्लॉक व चांद शहर कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित की गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, चौरई विधानसभा प्रभारी अशोक तिवारी, विधायक सुजीत चौधरी, चांद ब्लॉक अध्यक्ष पृथ्वीराज पटेल, पर्यवेक्षक शैलेष दीक्षित व महेश धुर्वे की सहमति उपरांत चांद ब्लॉक व शहर कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित की गई। घोषित कार्यकारिणी में की गई नियुक्तियां निम्नानुसार है:-

**ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांद**- ब्लॉक अध्यक्ष पृथ्वीराज पटेल के साथ कार्यकारी अध्यक्ष- अतरलाल वर्मा, भुवन पटेल व मनोज चौरिया को चांद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की घोषित कार्यकारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है। समन्वयक पद की जिम्मेदारी मेघराज पटेल को सौंपी है। उपाध्यक्ष- राजकुमार उइके, मुन्ना भाई, सुनील डेहरिया, सम्पत साहू, नरेश कवरेती, कमलेश चौरिया व गुड्डू पटेल को घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

महामंत्री- श्रीचंद उइके, जावेद खान, राजू चौरसिया, धर्मेन्द्र रघुवंशी व वीरसिंग पटेल को महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रचार मंत्री- रामभरोस चौहान, ओम बाबू, डीमाक चौरसिया, कमलेश साहू व शिवनंदन पाटिल प्रचार मंत्री मनोनीत किए गए हैं। संगठन मंत्री- नवल पटेल व आनंद पाटिल को घोषित कार्यकारिणी में संगठन मंत्री मनोनीत किया है। कार्यालय मंत्री- फिरोज अंसरी, कोषाध्यक्ष गोविंद पटेल व प्रवक्ता की जिम्मेदारी संजय जैन को सौंपी है।

घोषित कार्यकारिणी में वरिष्ठ संरक्षक मंडल में 34 व सदस्य में 60 पदाधिकारियों के नाम सम्मिलित है। चांद शहर की घोषित कार्यकारिणी में निम्नानुसार नियुक्तियां की गई- चांद शहर कांग्रेस अध्यक्ष- बालमुकुंद अयोधी, समन्वयक ऋषि वैष्णव व कार्यकारी अध्यक्ष- पद पर फिरोज अंसारी व सुधान रघुवंशी मनोनीत किए गए हैं। उपाध्यक्ष- निलेश डेहरिया, रजनीश रघुवंशी व चन्द्रकांत माहोरे नियुक्त किए गए हैं। महामंत्री- डॉ. विवेक वर्मा, डॉ. जयप्रकाश माहोरे, रामराज चौरसिया, ओमकार साहू व रामकिशन चौरिया मनोनीत किए गए।

सचिव- सरफराज खान, सीताराम प्रजापति, वसीर खान व संकेत वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रथम जैन, प्रवक्ता राजेन्द्र डेहरिया मनोनीत किए गए हैं। संगठन मंत्री- चोखलाल पाल, राजकुमार, सुरेश सोनी, नेपाल ढोके, विनीत प्रजापति, शिवनारायण शर्मा, गोविंद शुक्ला, टीकाराम साहू, राजकुमार पटेल, विपिन जैन, संतोष वैष्णव, झमकसिंग पटेल, झीनो पटेल, प्रसून जैन, वैजू वर्मा, मुन्ना डेहरिया, मुन्ना, बलवीर पटेल, रामराज चौरसिया, बलराम चौरसिया, राजेश चौरसिया व पप्पू हेडाउ को संगठन मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

दिलावर मोहगांव क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष- कैलाश मेहदोले व कार्यकारी अध्यक्ष- भूरा वर्मा एवं सुनील डेहरिया मनोनीत किए गए हैं।

परसगांवसर क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष- लक्ष्मण सोलंकी व कार्यकारी अध्यक्ष नंदराम सोलंकी व मनोज पटेल मनोनीत किए गए हैं। टॉप क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष- सुनील पटेल व कार्यकारी अध्यक्ष नितिन पटेल व आशाराम चौरिया मनोनित किए गए है। नोनीबर्रा क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष रेवाराम पटेल व कार्यकारी अध्यक्ष धूपसिंग पटेल एवं तुकाराम वर्मा नियुक्त किए गए हैं। मेघदौन क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष- रामकुमार चौधरी व कार्यकारी अध्यक्ष पद पर- शिवकांत पटेल एवं सूपलाल उइके नियुक्त किए गए हैं। सिंगोड़ी क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष नितिन रघुवंशी व कार्यकारी अध्यक्ष झमक पटेल व रामप्रसाद पटेल मनोनीत किए गए। बादगांव क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष सुरेन्द्र युवनाती व कार्यकारी अध्यक्ष पद पर अतरलाल वर्मा एवं गोविंद पटेल नियुक्त किए गए हैं। रानीखैरी क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष विजय पटेल व कार्यकारी अध्यक्ष नवल वर्मा एवं अभिषेक मिश्रा मनोनीत किए गए। पांजरा क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष राजेश पटेल व कार्यकारी अध्यक्ष सागर वर्मा एवं सतीष पटेल मनोनीत किए गए। बांसखेड़ा क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर सुरेशी मर्सकोले एवं कार्यकारी अध्यक्ष पद पर प्रहलाद चौरिया एवं विक्की रघुवंशी मनोनीत किए गए हैं।

## सांसद विवेक साहू ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर सुने प्रवचन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के सांसद बंटी विवेक बंटी चांदामेटा के उमरिया लाईन वार्ड क्रमांक नौ में आयोजित पंच कुंडीय महायज्ञ में पहुंचे। वार्ड के नागरिकों द्वारा इस महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को सांसद श्री साहू यज्ञ स्थल पर पहुंचे। उन्होंने यज्ञशाला की परिक्रमा की और लोगों के साथ बैठकर प्रवचन भी सुने व जन कल्याण के लिए प्रार्थना की। यज्ञ भगवान के दर्शन कर उन्होंने आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर परासिया नगर पालिका के अध्यक्ष विनोद मालवीय, परमजीत सिंह विज, हरिश्चंद्र अग्रवाल, मुकेश मौर्य, वार्ड के पार्षद, नागरिक गण

## कतिया समाज ने की पहली पायरी पहुंचकर पूजा अर्चना



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कतिया समाज छिंदवाड़ा द्वारा आगामी महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर समाज का पहला जत्था 17 फरवरी 2025 दिन सोमवार को पहली पायरी पहुँचा, जहाॅ समाज के सभी महिला, पुरूषों ने जुन्नारदेव स्थित नदी में स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त कर भूरा भगत पहुँचकर पूजा अर्चना की और देश में अमन चैन की अपील की।

उक्ताशय की जानकारी समाज के मोहन बेलवंशी उर्जा ने देते हुये बताया कि कतिया समाज द्वारा प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मेले की शुरूवात के पूर्व ही जुन्नारदेव स्थित देनवा नदी में स्नान किया जाता है इसके पश्चात् सभी सामाजिक बंधु एकजुट होकर पहली पायरी भूरा भगत के लिये रवाना होते हैं, जहाॅ मंदिर में पूजा अर्चना प्रारंभ मेले का शुभारंभ किया जाता है।

उन्होनें बताया कि इस अवसर पर विशेष रूप से समाज के वरिष्ठ बृजलाल बेलवंशी, हरीश बेलवंशी, सुभाष बेलवंशी, खुमान बेलवंशी, ताजम बेलवंशी, पंचम बेलवंशी, राजा बेलवंशी, रेखन बेलवंशी, पुसूलाल बेलवंशी, होरीलाल बेलवंशी सहित समाज के लगभग 300-400 महिला पुरूषों का पहला जत्था पहली पायरी पहुँचा ।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं 108 आवेदकों की समस्याएं



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 108 आवेदकों के साथ बुजुर्गो एवं दिव्यांगजनों की समस्यायें सुनी।

इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पी एम किसान सम्माननिधि की राशि दिलाने, छात्रवृत्ति दिलाने, बिजली के खम्बे लगाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम पिपरिया की अंजू यादव ने संबल योजना के तहत आर्थिक सहायता दिलाने, ग्राम बामला के अर्जुन भास्कर ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बेलगांव के कमलेश बरखे ने संबल कार्ड बनाने, ग्राम लेंदागोंदी की ज्ञानवती व ग्राम खूटपिपरिया की शोभा डेहरिया ने लाड़ली बहना योजना की राशि दिलाने, ग्राम कुदवारी की रामवती उईके ने लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने, ग्राम जाटाछापर के हेमीराम राय ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम कुण्डालीकलां के ग्रामवासियों ने विद्युत प्रदाय करने, बिछुआ के वार्ड नंबर- 15 के देवाजी व ग्राम साजकुही के सुमरलाल परतेती ने आबादी भूमि का पट्टा दिलाने, ग्राम गांगीवाड़ा के संजय युवनाती ने समग्र आई डी में नाम जोड़ने, अमरवाड़ा के संतोष कुमार डेहरिया ने अपने पैतृक मकान का नामांतरण करने, ग्राम चारगांव प्रहलाद के राजकुमार कोलारे ने प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम दर्ज कराने, छिंदवाड़ा नगर के लालबाग की योगिता रोड़े ने आधार कार्ड को अपडेट कराने, वार्ड नंबर- 47 के आनंद, सागर व सुषमा बिन्झाड़े ने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एडीएम के.सी. बोपचे, संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर व अंकिता त्रिपाठी और डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वी.सी. के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये।

# कृत्रिम अंग एवं उपकरण से वंचित नहीं रहेंगे दिव्यांग : सांसद साहू



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सभी वर्ग के लोगों को हर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि वृध्दजनों एवं दिव्यांगजनों को भी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अब कोई भी दिव्यांग कृत्रिम अंगों और उपकरणों वंचित नहीं रहेगा। जिले भर में वृध्दजनों एवं दिव्यांगजनों के लिए निरंतर कैंप लगाये गये है। उक्त शिविरों में पात्र वृध्दजनों एवं दिव्यांगजनों को राष्ट्रीय वयोश्री एवं एडिप योजनांतर्गत सहायक उपकरण एवं अंग प्रदान करने के लिए चयन किया गया है, जिन्हे बाद मे सहायक उपकरण एवं अंग प्रदान किये जायेंगे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों के लिये कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण चिन्हांकन हेतु शिविर का आयोजन नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा एवं जनपद पंचायत छिन्दवाड़ा द्वारा आयोजित किया गया। शिविर का शुभांरभ सांसद बंटी विवेक साहू एवं महापौर विक्रम आहके द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

## वरिष्ठ नागरिक महामंच की बैठक आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिक महामंच की बैठक कल 18 फरवरी 2025 को सुविधा केंद्र में डी.पी. डेहरिया की अध्यक्षता मे टी.एम.आर. नायडू की विशेष उपस्थिति मे संपन्न हुई जिसमें बेबी खान ने अपनी कुछ रचनाएं प्रस्तुत की। वकतव्य मे कहा दुनिया का सबसे बड़ा धन व्यक्ति का स्वास्थ्य है स्वास्थ्य ठीक है तो दुनिया ठीक लगती हैं वरना मकान, गाड़ी, बंगाला सब व्यर्थ है। सभी वरीष्ठों को अपने ध्यान, योग प्राणायाम करते हुए स्वथ्य रहने का मशवरा दिया गया।

बैठक में आगामी 28 फरवरी 2025 को गेट-टू-गेदर का कार्यक्रम किसी लाँन मे करने की योजना बनाई गई साथ ही शहर के कुछ विशिष्ट लोगों के स्वागत सत्कार की भी रुपरेखा बनाई गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थितजनों में सर्वश्री अशोक मिश्रा, जी.पी. अग्रवाल, मिडिया प्रभारी सुरेश घोरसे, प्रभाकर ठाकरे, जी.डी. लिगायत रफिक कुरैशी, नंदा ठाकरे, रंजीत परिहार, डी.के. नगरकर, जी.एस. डेहरिया, सीताराम प्रजापति, वी.के. त्रिवेदी, श्री खंगार सहित अनेक वरिष्ठ सदस्यगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने सभी ब्लाक मेडिकल आफीसर्स की बैठक ली

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सुरक्षित मातृत्व अभियान की फॉलोअप समीक्षा के लिए जिले के सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्स की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक 14 फरवरी 2025 को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित की गई थी।

बैठक में सुरक्षित मातृत्व अभियान को प्रभावी बनाने और जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा डॉ. एन.के. शास्त्री सहित अन्य विभागीय अधिकारी और जिले के सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

### गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान

कलेक्टर श्री सिंह ने फर्स्ट ए.एन.सी. (प्रथम प्रसव पूर्व जांच) और फोर्थ ए.एन.सी. (चौथी प्रसव पूर्व जांच) की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी गर्भवती महिलाओं की समय पर और गुणवत्ता पूर्ण जांच सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी गर्भवती महिला की मृत्यु न हो। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग यह सुनिश्चित करे कि हर महिला को सही समय पर आवश्यक चिकित्सा सहायता मिले।



### शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश

बैठक में संस्थागत प्रसव (अस्पताल में प्रसव) को शत-प्रतिशत करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि होम डिलीवरी से मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जन जागरूकता बढ़ाकर महिलाओं को अस्पताल में प्रसव के लिए प्रेरित किया जाए।